# अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर राजस्थान पुलिस अकादमी में हुआ वृक्षारोपण




वर्ष 2021 में "Reimagine, Recreate, Restore." थीम पर आयोजित किए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा, उपमहानिरीक्षक श्री कैलाश चन्द्र, उप निदेशक एवं प्राचार्य श्री मनीष अग्रवाल, सहायक निदेशक श्री करण शर्मा, श्री सौरभ कोठारी, श्रीमति सुमन चौधरी एवं अन्य अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अकादमी परिसर में विभिन्न स्थानों पर 100 से ज्यादा पौधे लगाए गए।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस अकादमी में नियमित तौर पर वृक्षारोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में अपना योगदान दिया जाता रहा है तथा पूरे परिसर को "Green Campus" के रुप में विकसित किया जा रहा है।

राजस्थान
पुलिस अकादमी